**व्याख्या –** राजस्थान का हिन्दुओं का प्रमुख तीर्थस्थल 'पुष्कर' अजमेर शहर से 18 किमी. उत्तर में स्थित है। यहाँ पर पवित्र पौराणिक सरोवर तथा विश्व प्रसिद्ध ब्रह्माजी के मंदिर के अतिरिक्त अन्य अनेक मंदिर स्थित है। इस पावन तीर्थ में प्रतिवर्ष नवम्बर माह के कार्तिक पूर्णिमा के दिन राज्य का सबसे बड़ा मेला लगता है। इसी दौरान यहाँ पशुओं का भी मेला लगता है। हिन्दू लोग पुष्कर झील में स्नान करके दीपदान करते हैं तथा श्रीरंगजी, ब्रह्माजी एवं अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करते हैं।

**495. निम्नलिखित में से कौन सा (पशुमेले और स्थान) सही सुमेलित नहीं है?**

(a) मल्लिनाथ पशुमेला– तिलवाड़ा
(b) वीर तेजाजी पशुमेला– परबतसर
(c) जसवंत पशुमेला– करौली
(d) गोमतीसागर पशुमेला– झालावाड़

**RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022**

**Ans. (c) :**

| **पशुमेले** | **स्थान** |
|---|---|
| जसवंत पशुमेला | भरतपुर |
| मल्लिनाथ पशुमेला | तिलवाड़ा (बाड़मेर) |
| वीर तेजाजी | परबतसर, (नागौर) |
| गोमती सागर पशुमेला | झालावाड़ |

**496. राजस्थान में राज्य स्तरीय पशु मेले सबसे ज्यादा जिस जिले में लगते हैं, वह है –**

(a) झालावाड़ (b) नागौर (c) बाड़मेर (d) हनुमानगढ़

**उत्तर :** (b)

**RPSC RAS/RTS 2009**

**व्याख्या –** राजस्थान राज्य में पशु मेले काफी संख्या में आयोजित किये जाते हैं, जिसमें प्रसिद्ध पशु मेले नागौर, मेड़ता, करौली, पुष्कर आदि स्थानों पर आयोजित किये जाते, जिसमें नागौर जिला सबसे अधिक पशु मेला लगता है। यहां पर परबतसर, मेड़ता, नागौर तीन स्थान पर पशु मेले लगते हैं जो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में आयोजित किये जाते हैं।

**497. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए -**

**सूची-I (त्यौहार)**
**(A) बूंदी की कजली तीज**
**(B) होली**
**(C) पर्युषण पर्व**
**(D) गणगौर**

**सूची-II (उत्सव की तिथि/माह)**
**(i) भाद्रपद कृष्ण तृतीया**
**(ii) फाल्गुन पूर्णिमा**
**(iii) भाद्रपद माह**
**(iv) चैत्र माह**

**कूट :**
(a) A-i, B-ii, C-iv, D-iii
(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

**RPSC RAS (Pre) 2021**

**Ans. (b) :** सही सुमेल इस प्रकार हैः

| **सूची-I (त्यौहार)** | | **सूची-II (उत्सव की तिथि/माह)** |
|---|---|---|
| बूंदी की कजली तीज | - | भाद्रपद कृष्ण तृतीया |
| होली | - | फाल्गुन पूर्णिमा |
| पर्युषण पर्व | - | भाद्रपद माह |
| गणगौर | - | चैत्र माह |

**498. राजस्थान के प्रमुख पशु-मेलों तथा उनसे सम्बद्ध स्थलों के विषय में निम्न में से कौन सा युग्म असत्य है?**

(a) चन्द्रभागा पशु मेला – झालावाड
(b) सारणेश्वर पशु मेला – नागौर
(c) तिलवाड़ा पशु मेला – बाड़मेर
(d) जसवन्त पशु मेला – भरतपुर

**RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित है।
(1) चन्द्रभागा पशु मेला – झालावाड, मालवी
(2) सारणेश्वर मेला – सिरोही (महादेव का मेला)
(3) तिलवाडा पशु मेला – बाडमेर
(4) जसवंत पशु मेला – भरतपुर, (हरियाणी नस्ल)
(5) रामदेव पशु मेला – नागौर (गाय)

**499. निम्नलिखित में से कौन से मेले और उनके मनाने के महीने का जोड़ा सही नहीं है?**

(a) खाटू श्यामजी मेला – फाल्गुन
(b) पुष्कर मेला – कार्तिक
(c) बाबा रामदेवजी का मेला – श्रावण
(d) इनमें से कोई नहीं

**Head Cleark Combined Exam-2018**

**Ans. (c) :** राजस्थान में विख्यात लोक देवता बाबा रामदेव का मेला भाद्रपद मास में लगता है। यह मंदिर जैसलमेर जिले में पोखरण के निकट रुणिचा धाम में है, जिसे रामदेवरा भी कहा जाता है। अन्य विकल्प सही सुमेलित है।

**500. निम्नलिखित में से कौन-सा असत्य है?**

(a) तेजाजी मेला-भाद्रपद शुक्ल दशमी
(b) पुष्कर मेला- अश्विन पूर्णिमा
(c) सीतामाता मेला-ज्येष्ठ अमावस्या
(d) कैला देवी मेला-चैत्र शुक्ल पक्ष

**कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022**

**Ans. (b) –**सही सुमेलित है।

| | | |
|---|---|---|
| (a) तेजाजी मेला | - | भाद्रपद शुक्ल दशमी |
| (b) पुष्कर मेला | - | कार्तिक पूर्णिमा |
| (c) सीतामाता मेला | - | ज्येष्ठ अमावस्या |
| (d) कैला देवी मेला | - | चैत्र शुक्ल पक्ष |

**501. राजस्थान में कितने राज्य स्तरीय पशु मेले आयोजित किये जाते हैं?**

(a) 8 (b) 12
(c) 10 (d) 15

**पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (c) –** राजस्थान में राज्य स्तरीय 10 पशु मेले आयोजित किये जाते हैं, जो निम्नलिखित हैं-
(1) पुष्कर पशु मेला - पुष्कर (अजमेर)
(2) महाशिवरात्रि पशु मेला - करौली
(3) मल्लीनाथ पशु मेला - तिलवाड़ा (बाड़मेर)